वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली.110 001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi- 110 001

सा०/No. : 5-1(49)/2008-PD दिनांक/Dated: 14.03.2023

प्रेषक / From : संयुक्त सचिव (प्रशासन)
Joint Secretary (Admn.)

सेवा में / To : सी.एस.आई.आर. की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/एककों के निदेशक/प्रधान
The Directors/Heads of all CSIR National Labs./Instts./Hqrs./Units

महोदया/Madam / महोदय/Sir,

मुझे भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए निम्नलिखित कार्यालय ज्ञापनों को आपकी जानकारी, मार्गदर्शन और अनुपालन के लिए अग्रेषित करने का निदेश हुआ है:

I am directed to forward herewith the following Office Memoranda issued by the Government of India, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Pension and Pensioners' Welfare for your information, guidance and compliance:

क्रम संख्या/ Sr.No.	**कार्यालय ज्ञापन संख्या./ Office Memorandum No.**	**विषय/ Subject**
1	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 28/90/2022-पी&पीडबल्यू(बी)/8297 दिनांक 02.10.2022 OM No. 28/90/2022-P&PW(B)/8297 Dated 02.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सिविल नियोजन से पूर्व की गई सैन्य सेवा की गणना । Counting of military service rendered before civil employment under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
2	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 28/90/2022-पी&पीडबल्यू(बी)/8297 दिनांक 02.10.2022 OM No. 28/90/2022-P&PW(B)/8297 Dated 02.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन संयुक्त राष्ट्र सचिवालय या संयुक्त राष्ट्र के अन्य किन्ही निकायों या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, पुनर्निर्माण और विकास का अंतर्राष्ट्रीय बैंक, या एशियाई विकास बैंक या राष्ट्रमंडल सचिवालय या कोई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि की अर्हक सेवा के रूप में गणना से संबंधित। Counting of period of deputation to the United Nations' Secretariat or other United Nations' Bodies or the International Monetary Fund or the International Bank of Reconstruction and

		Development or the Asian Development Bank or theCommonwealth Secretariat or any other International organization as qualifying service under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
3	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के लागू होने से संबंधित उपबंध । Provisions regarding applicability of Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
4	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022 पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सेवानिवृति/सेवा से पदत्याग/मृत्यु की तारीख को कार्यदिवस मानने या अन्यथा के संबंध में उपबंध । Provisions regarding treatment of the day of retirement/ resignation/deathunder the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
5	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सरकारी कर्मचारी को अनुज्ञेय पेंशनों और उपादानों की संख्याओं की परिसीमाओं से संबंधित उपबंध । Provisions regarding limitations on number of pensions and gratuities admissible to a government servant under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
6	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी गंभीर उपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया जाने पर या किसी गंभीर अवचार का दोषी पाए जाने पर पेंशन/कुटुंब पेंशन को रोकने या प्रत्याहृत करने के संबंध में उपबंध । Provision regarding withholding or withdrawal of pension/family pension on being convicted of a serious crime or on being found guilty of grave misconduct, under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
7	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन विभागीय/न्यायिक कार्यवाहियां लंबित

	OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	होने के दौरान अनंतिम पेंशन की संस्वीकृति और उपदान रोकने के संबंध में उपबंध । Provision regarding sanction of provisional pension and withholding of gratuity during pendency of department/judicial proceedings under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
8	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडबल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No.38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी शारीरिक या मानसिक दुर्बलता के कारण सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त किए जाने पर अशक्त पेंशन की मंजूरी । Grant of invalid Pension under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 on retirement from government service on account of any bodily or mental infirmity.
9	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडबल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन शास्ति के रूप में सेवा से अनिवार्य रूप से निवृत किए गए सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृति पेंशन की मंजूरी । Grant of compulsory retirement pension under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to a Government servant who is compulsorily retired from service as a penalty.
10	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 10.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 10.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सेवा से पदच्युत किए गए या हटाए गए सरकारी कर्मचारी को अनुकंपा भत्ते की मंजूरी । Grant of Compassionate allowance under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to a Government servant who is dismissed or removed from service.
11	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 26.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सेवाकाल के दौरान गंभीर अवचार या उपेक्षा का दोषी होने की दशा में पेंशन/उपदान को रोकने या प्रत्याहृत करने का अधिकार । Power to withhold or withdraw

		pension/gratuity in cases of grave misconduct or negligence during the period of service under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
12	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 26.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन की मंजूरी के लिए रकम और शर्तें। Amount and conditions for grant of pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
13	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए) दिनांक 26.10.2022 OM No. 38/01(05)/2022-P&PW(A) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन अतिरिक्त पेंशन और अतिरिक्त कुटुंब पेंशन की मंजूरी के लिए रकम और शर्तें । Amount and conditions for grant of additional pension and additional family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
14	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	कुटुंब का ऐसा सदस्य, जिसका नाम प्ररूप 4 या कार्यालय रिकार्ड में सम्मिलित नहीं है, को, कुटुंब पेंशन की मंजूरी । Grant of family pension to a member of the family, whose name is not included in Form 4 or office records.
15	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	जहां प्रथम पात्र सदस्य सरकारी कर्मचारी की हत्या करने के अपराध या ऐसे किसी अपराध को करने के दुष्प्रेरण के लिए आरोपित किया गया है, कुटुंब के अन्य पात्र सदस्य को कुटुंब पेंशन की मंजूरी । Grant of family pension to other eligible member of the family where first eligible member is charged with offence of murdering the Government servant or for abetting in commission of such an offence.
16	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के माता/पिता को कुटुंब पेंशन की मंजूरी । Grant of family pension under Central

		Civil Services (Pension) Rules, 2021 to parents of a deceased Government servant/pensioner.
17	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की मंजूरी के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आय संबंधी दस्तावेज । Documents regarding income required to be submitted for deciding eligibility for grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
18	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा पुत्री को कुटुंब पेंशन की मंजूरी । Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to an unmarried or widowed or divorced daughter of a deceased Government servant/pensioner.
19	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के मानसिक या शारीरिक नि:शक्तता से ग्रस्त बच्चे या सहोदर को कुटुंब पेंशन की मंजूरी । Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021to a child or sibling of a deceased Government servant /pensioner suffering from a mental or physical disability.
20	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन का सहभाजन । Sharing of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
21	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	किसी नि:संतान विधवा का पुनर्विवाह होने पर केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की मंजूरी । Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 on

		remarriage of a childless widow.
22	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की रकम और परिस्थितियां जिनमें यह देय है । Amount of family pension and circumstances in which it is paid under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.
23	कार्यालय ज्ञापन संख्या. 1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई) दिनांक 26.10.2022 OM No. 1/1(1)/2022-P&PW (E) dated 26.10.2022	केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन लापता सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी के कुटुंब को कुटुंब पेंशन, उपदान, आदि की मंजूरी से संबंधित उपबंध । Provisions regarding grant of family pension, gratuity, etc. to family of a missing Government servant or pensioner or family pensioner under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.

भवदीय/Yours faithfully,

Digitally signed by ARUN MANIKANDA BHARATHI M

अवर सचिव (नीति प्रभाग)/ Under Secretary (PD)

संलग्न/Encl. : यथोपरि/As above

प्रतिलिपि/Copy to:

1) सी.एस.आई.आर. वेबसाइट/ CSIR Website

2) कार्यालय प्रति/Office copy.

सं.-28/90/2022-पी&पीडबल्यू(बी)/8297

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन, खान मार्केट,

नई दिल्ली, दिनांक 02 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सिविल नियोजन से पूर्व की गई सैन्य सेवा की गणना।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 20 के अनुसार, पुनर्नियोजित सैन्य पेंशनभोगी पेंशन और उपदान के लिए पूर्व सैन्य सेवा की गणना अर्हक सेवा के रूप में करने के लिए विकल्प का प्रयोग करने के लिए अपनी पेंशन का आहरण बंद कर देता है और (i) पहले ली गई पेंशन; और (ii) सैनिक पेंशन के भाग के संराशीकरण के लिए स्वीकार किए गए मूल्य; और (iii) सेवानिवृत्ति उपदान की रकम, जिसके अंतर्गत सेवा उपदान, यदि कोई हो, भी है; वापस कर देता है या वापस करने के लिए सहमत होता है।

3. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को शुरू करने के पश्चात दिनांक 01.01.2004 को या उसके पश्चात नियुक्त सरकारी कर्मचारियों पर केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम लागू नहीं होते थे। अतः, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली,1972 के नियम 19 के तहत विकल्प केवल उन सैन्य पेंशनभोगियों के लिए उपलब्ध था जिन्हें 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व सिविल सेवा पद पर पुनर्नियोजित किया गया था। यदि किसी सरकारी कर्मचारी ने सैन्य सेवा की थी और उसे 31 दिसंबर, 2003 के पश्चात किसी सिविल सेवा या पद पर पुनर्नियोजित किया गया है/था, तो वह सैन्य पेंशन आहरित करना जारी रखेगा और/या सैन्य सेवा से कार्यमुक्त होने पर प्राप्त उपदान को रखेगा और, पुनर्नियोजन होने पर, वह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को शासित करने वाले नियमों द्वारा कवर किया जाएगा।

4. यदि किसी पुनर्नियोजित सैन्य पेंशनभोगी, जिसे 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व किसी सिविल सेवा या पद पर पुनर्नियोजित किया गया था, द्वारा प्रयोग किया गया उपरोक्त विकल्प, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 19 के तहत अनुज्ञेय था, तो केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 19 के तहत अनुज्ञेय था, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 20 के अनुसार पेंशन और उपदान के लिए पुनर्नियोजन से पहले की

जारी..

गई सेवा की अवधि की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाती रहेगी। सिविल सेवा या पद में पुनर्नियोजन के पश्चात की गई सेवा के लिए पेंशन और उपदान, सैन्य सेवा के संबंध में सरकारी कर्मचारी द्वारा आहरित पेंशन और उपदान के संदर्भ में किसी सीमा के अध्यधीन नहीं होगा।

5. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन और उपदान के लिए सिविल नियोजन से पूर्व की गई सैन्य सेवा की गणना से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(एस. चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन
(मानक सूची के अनुसार)

No. - 28/90/2022-P&PW(B)/8297
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***

3rd Floor, Lok Nayak Bhavan, Khan Market,
New Delhi, Dated the 2nd October, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Counting of military service rendered before civil employment under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021-reg.

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.

2. In accordance with Rule 20 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972, a re-employed military pensioner could exercise an option to count the former military service, as qualifying service for pension and gratuity by ceasing to draw his pension and refunding or agreeing to refund– (i) the pension already drawn; and (ii) the value received for the commutation of a part of military pension; and (iii) the amount of retirement gratuity including service gratuity, if any.

3. After introduction of the National Pension System, the CCS (Pension) Rules, 1972 were not applicable to the Government servants appointed on or after 01.01.2004. Therefore, the option under Rule 19 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 was available only to the military pensioners who were re-employed on the civil side on or before 31st December, 2003. If a Government servant, who had rendered military service, is/was re-employed in a civil service or post after 31st December, 2003, he shall continue to draw the military pension and/or retain gratuity received on discharge from military service and, on re-employment in a civil service or post, he shall be covered by the rules governing the National Pension System.

4. In case the above option exercised by a re-employed military pensioner, who was re-employed on a civil service or post on or before 31st December, 2003, was allowed under Rule 19 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972, the period of service rendered before such re-employment shall continue to be counted as qualifying service for pension and gratuity in accordance with Rule 20 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021. The pension and gratuity for the service

Contd.

rendered after re-employment in civil service or post shall not be subject to any limitation with reference to the pension and gratuity drawn by the Government servant in respect of the military service.

5. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding counting of past military service rendered before re-employment on a civil post as qualifying service for pension and gratuity under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(S. Chakrabarti)
Under Secretary to the Govt. of India

To

All Ministries/Departments/Organisations,
(As per standard list)

सं.28/90/2022-पी&पीडब्ल्यू(बी)/8297

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तृतीय तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट,

नई दिल्ली, दिनांक 02 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन संयुक्त राष्ट्र सचिवालय या संयुक्त राष्ट्र के अन्य किन्हीं निकायों या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, पुनर्निर्माण और विकास का अंतर्राष्ट्रीय बैंक, या एशियाई विकास बैंक या राष्ट्रमंडल सचिवालय या कोई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि की अर्हक सेवा के रूप में गणना से संबंधित।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 29 के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र सचिवालय या संयुक्त राष्ट्र के अन्य किन्हीं निकायों या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, पुनर्निर्माण और विकास का अंतर्राष्ट्रीय बैंक, या एशियाई विकास बैंक या राष्ट्रमंडल सचिवालय या कोई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन की विदेश सेवा में प्रतिनियुक्त सरकारी कर्मचारी, अपने विकल्प पर, (क) अपनी विदेश सेवा की बाबत पेंशन का अंशदान अदा कर सकेगा और ऐसी सेवा की गणना इन नियमों के अधीन पेंशन के लिए अर्हक सेवा के रूप में कर सकेगा; या (ख) अपनी विदेश सेवा की बाबत पेंशन का अंशदान अदा न करे और इन नियमों के अधीन पेंशन के लिए ऐसी सेवा की गणना अर्हक सेवा के रूप में न करे। जहां कोई सरकारी कर्मचारी खंड (ख) के लिए विकल्प करता है, सरकारी कर्मचारी द्वारा दिए गए पेंशन अंशदान, यदि कोई हो, उसे वापस दिए जाएंगे।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन संयुक्त राष्ट्र सचिवालय या संयुक्त राष्ट्र के अन्य किन्हीं निकायों या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, पुनर्निर्माण और विकास का अंतर्राष्ट्रीय बैंक, या एशियाई विकास बैंक या राष्ट्रमंडल सचिवालय या कोई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि की अर्हक सेवा के रूप में गणना के संबंध

जारी -.

में उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(एस. चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन,
(मानक सूची के अनुसार)

No. - 28/90/2022-P&PW(B)/8297
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***

3rd Floor, Lok Nayak Bhavan, Khan Market,
New Delhi, Dated the 2nd October, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Counting of period of deputation to the United Nations' Secretariat or other United Nations' Bodies or the International Monetary Fund or the International Bank of Reconstruction and Development or the Asian Development Bank or the Commonwealth Secretariat or any other International organization as qualifying service under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021-reg.

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.

2. In accordance with Rule 29 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021, a Government servant who is deputed on foreign service to the United Nations' Secretariat or other United Nations' Bodies or the International Monetary Fund or the International Bank of Reconstruction and Development, or the Asian Development Bank or the Commonwealth Secretariat or any other International organization may opt (a) to pay the pension contributions in respect of his foreign service and count such service as qualifying for pension under these rules; or (b) not to pay the pension contributions in respect of his foreign service and not count such service as qualifying for pension under those rules. Where a Government servant opts for clause (b), pension contributions, if any, already paid by him shall be refunded to him.

3. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding counting of period of deputation to the United Nations' Secretariat or other United Nations' Bodies or the International Monetary Fund or the International Bank of Reconstruction and Development or the Asian Development Bank or the Commonwealth Secretariat or any other International organization as qualifying service under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(S. Chakrabarti)
Under Secretary to the Govt. of India

To
All Ministries/Departments/Organisations,
(As per standard list)

फा. सं.38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक:-10.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021के लागू होने से संबंधितउपबंध।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। नियम 2 के अनुसार, ये नियम संघ के कार्यकलापों से संबंधित सिविल सेवाओं और पदों पर,जो पेंशनी स्थापनों के हों, अधिष्ठायी रूप से नियुक्त सरकारी कर्मचारियों, जिसमें रक्षा सेवाओं के सिविल सरकारी कर्मचारी सम्मिलित हैं,परलागू होंगे।

2. ये नियम 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व नियुक्त सरकारी कर्मचारियों पर लागू होंगे। तथापि, ये नियम 31 दिसंबर, 2003 के पश्चात् नियुक्त सरकारी कर्मचारियों पर भी निम्नलिखित मामलों में लागू होंगे:

(1) ऐसे सरकारी कर्मचारी पर, जिसे 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व प्रवेश प्रेरण प्रशिक्षण पर रखा गया था, तत्पश्चात् 31 दिसंबर 2003 के पश्चात् नियमित आधार पर नियुक्ति की गई, यदि प्रेरण प्रशिक्षण पूरा करना पद परनियमित रूप से नियुक्ति के लिए अनिवार्यशर्त था, ऐसे प्रशिक्षण की अवधि के दौरान सरकारी कर्मचारी वेतन या वृत्ति का पात्र था और प्रशिक्षण की अवधि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 केउपबंधों के अनुसार अर्हक सेवा के रूप में गणना के लिए पात्र थी।

(2) ऐसेसरकारी कर्मचारी पर, जिसे प्रारंम्भ में 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व नियुक्त किया गया था,-

(i) केंद्रीय सरकार के ऐसे किसी स्थापन या विभाग में जिसके कर्मचारी केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के अतिरिक्त किसी अन्य पेंशन योजना द्वारा कवर किए गए थे; या

(ii) राज्य सरकार अथवा केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी स्वायत्त निकायमें जहां केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के समान गैर-अंशदायी पेंशन योजना है।

और तत्पश्चात् 31 दिसंबर, 2003 के पश्चात् केंद्रीय सरकार के किसी ऐसे स्थापन में नियुक्त किया गया, जिसे ये नियम लागू होते हैं, इस शर्त के अध्यधीन कि इन नियमों या इस संबंध में जारी किए गए किसी सामान्य या विशेष आदेश के अनुसारउक्त सरकारी कर्मचारी केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या स्वायत्त निकाय के ऐसे स्थापन में दी गई सेवा की गणना के लिए अन्य सभी शर्तें पूरी करता हो।

(3) ये नियम संघ के कार्यकलापों से संबंधित सिविल सेवा या पद में 31 दिसंबर, 2003 के पश्चात् नियुक्त सरकारी कर्मचारी पर, यदि वह इस संबंध में सरकार द्वारा जारी किसी विशेष या सामान्य आदेश के अनुसार इन नियमों के तहत कवर किए जाने की शर्तों को पूरा करता हो।

(4) उन व्यक्तियों पर भी,जिन्हें 31 दिसंबर, 2003 के पश्चात् नियमित आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्त किया गया था, किंतु 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) द्वारा अधिसूचित भारत सरकार की "अस्थायी कामगार (अस्थायी हैसियत प्रदान करना और नियमितीकरण) योजना, 1993" के अनुसार अस्थायी हैसियत प्रदान की गई थी और इस तरह की अस्थायीहैसियत के बाद बिना किसी व्यवधान के, सरकारी सेवा में नियमित नियुक्ति हो गई है।इसके अतिरिक्त, नियम 15 के उपबंधों के अनुसार, ऐसासरकारी कर्मचारी,जिसे 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व अस्थायी हैसियत प्रदत्त की गई थी और तत्पश्चात्भारत सरकार की "अस्थायी कामगार (अस्थायी हैसियतप्रदान करना और नियमितीकरण) योजना, 1993" के अनुसार सरकारी सेवा में नियमित किया गया था,द्वारा'अस्थायी हैसियत' क्षमता में की गई सेवा का पचास प्रतिशत, इन नियमों के प्रयोजन के लिए अर्हक सेवा के रूप में गणनामें लिया जाएगा।

(5) ऐसे सरकारी कर्मचारी की दशा में, जो संघ के कार्यकलापों से संबंधित सिविल सेवाओं या पदों पर 31 दिसंबर, 2003 के पश्चात् नियुक्त किए जाने पर, केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) नियमावली, 2021 द्वारा कवर किया गया हो, की मृत्यु होने या अशक्तता होने पर सेवा से कार्यमुक्त होने की स्थिति में नियम 39 के अधीन अशक्त पेंशन और नियम 50 के अधीन कुटुंब पेंशन, यथास्थिति सरकारी कर्मचारी या उसके परिवार को देय होगी, यदि सरकारी कर्मचारी ने केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) नियमावली, 2021 के नियम 10 के अधीन इस आशय का विकल्प चुना है या जिसके मामले में इन नियमों या केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के अंतर्गत हितलाभ के लिए डिफ़ाल्ट विकल्प उपलब्ध है।

3. ऐसे सरकारी कर्मचारियों की दशा में, जिसे संघ के कार्यकलापों से संबंधित सिविल सेवाओं और पदों पर 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व अस्थायी क्षमता में नियुक्त किया गया था, जो अधिष्ठायी रूप से नियुक्त होने से पूर्व सेवानिवृत्त हो गए या सेवा से निवृत्त किए गए थे, इन नियमों के अधीन हितलाभ, केंद्रीय सिविल सेवा(अस्थायी सेवा) नियमावली, 1965 में निहित उपबंधों के विस्तार तक सरकारी कर्मचारी को देय होंगे।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 केलागू होने से संबंधित उपबंधों का सभी सरकारी कर्मचारियों में व्यापक प्रचार किया जाए और इनका सख्ती से अनुपालन करने हेतु,इन्हें विशेष रूप से मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(आर.सी.सेठी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24635979

मेरा में

F. No. 38/01(05)/2022-P&PW(A)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated : 10.10.2022

Office Memorandum

Subject: Provisions regarding applicability of Central Civil Services (Pension) Rules, 2021

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. In accordance with Rule 2, these Rules are applicable to the Government servants, including civilian Government servants in the Defence Services, appointted substantively to civil services and posts in connection with the affairs of the Union which are borne on pensionable establishments.

2. These Rules are applicable to the Government servants appointed on or before 31st day of December, 2003. However, the Rules are also applicable to Government servants appointed after 31st December, 2003 in following cases:

(1) A Government servant who was put on induction training on or before 31st day of December, 2003 followed by appointment on regular basis after 31st day of December, 2003 if completion of the induction training was an essential condition for appointment on regular basis to the post, the Government servant was eligible for a salary or a stipend during the period of such training and the period of training was eligible for being counted as qualifying service in accordance with the provisions of Central Civil Services (Pension) Rules, 1972.

(2) A Government servant who was initially appointed on or before 31st December, 2003,-

(i) in an establishment or Department of the Central Government whose employees were covered by a pension scheme other than the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972; or

(ii) in a State Government or an autonomous body under the Central Government or State Government having a non-contributory pension scheme similar to the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972,

and was subsequently appointed after 31st December, 2003 in an establishment of a Central Government to which these rules apply, subject to the condition that the said Government servant fulfils all other conditions for counting of service rendered in such establishment of the Central Government or State Government or autonomous body, in accordance with these rules or any general or special order issued in this regard.

(3) A Government servant appointed after 31st December, 2003 to a civil service or post in connection with the affairs of the Union, if he fulfils the conditions for coverage under these rules in accordance with any special or general order issued by the Government in this regard.

(4) Persons who were regularly appointed in Government service after 31st December, 2003 but were conferred temporary status on or before 31st December, 2003 in accordance with the "Casual Labourers (Grant of Temporary Status and Regularisation) Scheme of Government of India, 1993" notified by Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions (Department of Personnel and Training) and such temporary status is followed without interruption by regular appointment in Government service. Further, as per the provisions of rule 15, fifty percent of the service rendered in 'temporary status' capacity by a

Government servant, who was conferred temporary status on or before 31st December, 2003 and was subsequently regularised in Government service, in accordance with the "Casual Labourers (Grant of Temporary Status and Regularisation) Scheme of Government of India, 1993), shall count as qualifying service for the purpose of these rules.

(5) Where in the event of death or discharge from service on the ground of invalidation in the case of a Government servant who, having been appointed to civil services and posts in connection with the affairs of the Union after 31st day of December, 2003, is covered by the Central Civil Services (Implementation of National Pension System) Rules, 2021, the benefits of Invalid Pension under rule 39 and Family Pension under rule 50 shall be payable to the Government servant or his family, as the case may be, if the Government servant had exercised an option to this effect under rule 10 of the Central Civil Services (Implementation of National Pension System) Rules, 2021 or in whose case the default option is for availing benefits under these rules or the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972.

3. The cases of Government servants appointed in temporary capacity to civil services and posts in connection with the affairs of the Union on or before 31st day of December, 2003, who retired or were retired before having been appointed in a substantive capacity, the benefits under these rules shall be payable to the Government servant to the extent provided in the Central Civil Services (Temporary Service) Rules, 1965.

4. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding applicability of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be given wide publicity to all Government servants and more particularly to the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices there under, for strict implementation.

(R.C Sethi)
Deputy Secretary to Government of India
Tel: 24635979

To,
All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list)

फा. सं.38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 10.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीनसेवानिवृत्ति/सेवा से पदत्याग/मृत्यु की तारीख को कार्यदिवस मानने या अन्यथा के संबंध में उपबंध।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविलसेवा(पेंशन)नियमावली, 1972का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन)नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। नियम 2 के अनुसार, ये नियम संघ के कार्यकलापों से संबंधित सिविल सेवाओं और पदों पर, जो पेंशनी स्थापनों के हों, अधिष्ठायी रूप से नियुक्त सरकारी कर्मचारियों, जिसमें रक्षा सेवाओं के सिविल सरकारी कर्मचारी सम्मिलित हैं, पर लागू होंगे।

2. नियम 5 के उप-नियम(2) में यह प्रावधान है कि जिस दिन सरकारी कर्मचारी, यथास्थिति, सेवानिवृत होता है या सेवानिवृत कर दिया जाता है या सेवामुक्त कर दिया जाता है या उसे सेवा से पदत्याग करने की अनुज्ञा दी जाती है,वह दिन उसके उसका कार्य का अंतिम पूर्ण दिन माना जाएगा और मृत्यु की तारीख भी कार्य का दिन मानी जाएगी। तथापि, ऐसे सरकारी कर्मचारीकी दशा में, जो अपनी सेवानिवृति या मृत्यु से ठीक पूर्व कर्तव्य से अवकाश पर या अन्यथा अनुपस्थित था अथवा निलंबित था, उसकी सेवानिवृत्ति या मृत्यु का दिन ऐसे अवकाश या अनुपस्थिति या निलंबन का हिस्सा होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अनुसार,सेवानिवृत्ति/सेवा से पदत्याग/मृत्यु की तारीख को कार्यदिवस मानने या अन्यथा, से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(आर.सी.सेठी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24635979

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 38/01(05)/2022-P&PW(A)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 10.10.2022

Office Memorandum

Subject: Provisions regarding treatment of the day of retirement/resignation/death under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. In accordance with Rule 5 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021, any claim to pension or family pension shall be regulated by the provisions of those rules in force at the time when a Government servant retires or is retired or is discharged or is allowed to resign from service or dies, as the case may be.

2 Sub-rule (2) of Rule 5 provides that the day on which a Government servant retires or is retired or is discharged or is allowed to resign from service, as the case may be, shall be treated as his last completed working day and the date of death shall also be treated as a completed working day. However, in a case where the Government servant immediately before his retirement or death was absent from duty on leave or otherwise or was under suspension, the day of retirement or death shall be part of such leave or absence or suspension.

3. All Ministries/Departments are requested that the above provisions in the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 regarding treatment of the day of retirement/resignation/death as working day or otherwise may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices there under, for strict implementation.

(R.C Sethi)
Deputy Secretary to Government of India
Tel: 24635979

To,
All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list)

फा. सं.38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 10.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सरकारी कर्मचारी को अनुज्ञेय पेंशनों और उपादानों की संख्याओं की परिसीमाओं से संबंधित उपबंध।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविलसेवा(पेंशन)नियमावली, 1972का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन)नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 6 के अनुसार, कोई भी सरकारी कर्मचारी एक ही सेवा या पद पर एक ही समय में या एक हीलगातार सेवा करके दो पेंशनें नहीं ले सकता है। नियम 6 में आगे और प्रावधान है कि नियम 19 या नियम 20 में दिए गए उपबंध के अतिरिक्त (अर्थात किसी सिविल सरकारी कर्मचारी के मामले में, जो प्रतिकर पेंशन या अशक्त पेंशन पर सेवानिवृत्ति के पश्चात्, 31 दिसंबर, 2003 से पूर्व पुनर्नियोजित किया गया था या कोई सैन्य पेंशनभोगी जो 31 दिसंबर, 2003 से पूर्व सिविल सेवा में पुनर्नियोजित किया गया था), पुनर्नियोजितसरकारी कर्मचारी अपने पुनर्नियोजन की अवधि के लिए अलग पेंशन या उपदान का हकदार नहीं होगा। अतः, ऐसा सरकारी कर्मचारी, जो अधिवर्षिता पेंशन या सेवानिवृत्ति पेंशन या अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन पर सेवानिवृत हुआ हो या जो सेवा से पदच्युत किए जाने या हटा दिए जाने पर अनुकंपा भत्ता प्राप्त कर रहा होऔर जिसे तत्पश्चात्पुनर्नियोजितकिया जाता है, अपने पुनर्नियोजनकी अवधि के लिए अलग पेंशन या उपदान का हकदार नहीं होगा।

2. तथापि, नियम6 में यह प्रावधान है कि ऐसा सरकारी कर्मचारी जो पूर्व में किसी स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में नियुक्त किया गया था और तत्पश्चात् उस निकाय या उपक्रम की उचित अनुमति के साथ, 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पूर्व सरकारी सेवा में नियुक्त किया गया था, तो उस निकाय या उपक्रम में की गई सेवा के लिए स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से उसे प्राप्त पेंशन और उपदान, यदि कोई हो, के अतिरिक्त सरकार में की गई सेवा के लिए पेंशन और उपदान प्राप्त करने का पात्र होगा, परंतु यह और कि स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में की गई सेवा और सरकार के अधीन की गई सेवा की बाबतउपदान की कुल रकम उस रकम से अधिक नहीं होगी जो स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सरकार में सरकारी कर्मचारी द्वारा की गई संपूर्ण सेवा और सरकार से सेवानिवृत्ति पर मिली परिलब्धियों पर विचार करते हुए अनुज्ञेय होती। ऐसे मामलों में, स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में की गई सेवा के लिए पेंशन, यदि कोई हो, संबंधित स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा ही संदत्त की जाएगी और सरकार के अधीनकिसी सेवा

में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उक्त स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में सरकारी कर्मचारी द्वारा की गई सेवा की पेंशन के लिए सरकार का कोई दायित्व नहीं होगा।

3. किसी सरकारी कर्मचारी को सरकार में उचित अनुमति के साथ नियुक्त किया गया माना जाएगा यदि उसने स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की पूर्व अनुमति के साथ सरकार में सेवा या पद के लिए आवेदन किया था तथा स्वायत्त निकाय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का आदेश स्पष्ट रूप से उपदर्शित करता है कि कर्मचारी यथास्थिति, स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, की उचित अनुमति के साथ सरकार में पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए त्यागपत्र दे रहा है।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सरकारी कर्मचारी को अनुज्ञेय पेंशनों और उपादानों की संख्याओं की परिसीमाओं से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(आर.सी.सेठी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24635979

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 38/01(05)/2022-P&PW(A)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 10.10.2022

Office Memorandum

Subject: Provision regarding limitations on number of pensions and gratuities admissible to a Government servant under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. In accordance with Rule 6 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021, a Government servant shall not earn two pensions in the same service or post at the same time or by the same continuous service. Rule 6 further provides that except as provided in rule 19 or rule 20 (i.e. in the case of a civil Government servant who, after retirement on compensation pension or invalid pension, was re-employed before 31st December, 2003 or a military pensioner who was re-employed in civil service before 31st December, 2003,), a re-employed Government servant shall not be entitled to a separate pension or gratuity for the period of his re-employment. Thus a Government servant who, having retired on a superannuation pension or retiring pension or compulsory retirement pension or who is in receipt of a compassionate allowance on having been dismissed or removed from service, is subsequently reemployed, shall not be entitled to a separate pension or gratuity for the period of his re-employment.

